Sixteenth Loksabha

an>

Title: Need to provide civic facilities in New Tehri, Uttarakhand.

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) : मैं केंद्र सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल की ओर दिलाना चाहती हूं। टिहरी जनपद के 109 गाँव एवं ऐतिहासिक नगर टिहरी के बलिदान के फलस्वरूप ऊर्जा के क्षेत्र में देश को अग्रणी पंक्ति में खड़ा करने वाले एशिया के सबसे बड़े बाँध का निर्माण हुआ है। टिहरी नगर डूबने के फलस्वरूप नए टिहरी शहर का निर्माण हुआ तथा टिहरी नगर के अधिकांश व्यापारी वर्ग तथा निवासी नई टिहरी की आबो-हवा अनुकूल न होने के कारण पलायन कर गए हैं। जिससे टिहरी की जनसंख्या, सामाजिक परिदृश्य पर बहुत प्रभाव पड़ा है। वर्ष 1994-95 में हनुमन्त राव कमेटी का गठन किया गया था, जिसकी संस्तुतियां भारत सरकार तथा उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकार करते हुए ऊर्जा मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय द्वारा प्रचारित की गई। जिसका अनुपालन 2 दशक पूर्ण होने पर भी नहीं हो पाया है। नई टिहरी शहर, जो कि मास्टर प्लान के अनुसार निमित्त शहर है, की दशा अत्यंत दयनीय है। नई टिहरी वासियों को शुद्ध पेयपल उपलब्ध कराने हेतु पेयजल योजना, नगर में बच्चों को खेलने के मैदान, नगर में बुजुर्गों के बैठने के लिए पार्क, सेक्टर वार सामुदायिक भवन बनाने तथा छमुझउ-चम्बा मोटर मार्ग का निर्माण तथा बांध के चारों ओर रिंग रोड का निर्माण कराने और बांध परियोजना स्थल के आस-पास के गाँवों को नःशुल्क विद्युत आपूर्ति की मांग नगर वासियों द्वारा की जा रही है।

मेरा केंद्र सरकार से आग्रह है कि नई टिहरी नगर वासियों की सुविधा के लिए उपरोक्त निर्माण कार्य ऊर्जा मंत्रालय द्वारा किया जाए।